संख्याः 846/68-5-2019

प्रेषक,

रेणुका कुमार
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला शिक्षा परियोजना समिति,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊः दिनांक : 20 सितम्बर 2019

विषयः उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के एक्सपोजर विजिट के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय पर आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं का एक्सपोजर विजिट कराया जाना है। प्रथम चरण में जनपद में संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं का एक्सपोजर विजिट आगामी 03 माह के अन्दर कराना है। यह अभियान गाँधी जयन्ती के अवसर पर दिनॉक 02 अक्टूबर से प्रारम्भ किया जायेगा। प्रत्येक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की बालिकाओं को जनपद के निम्नलिखित स्थानों में से किसी एक स्थल का भ्रमण कराया जाना हैः-

1- Archaeological Survey Of India Sites.
2- Wild life Sanctuary etc.
3- Famous Tourism Place
4-Manufacturing Units, Industrial Plants or Sugar Mills

2- इस सम्बन्ध में जनपद स्तर पर निम्नलिखित समिति द्वारा माइक्रो प्लान तैयार किया जायेगाः-

1.	जिलाधिकारी	-	अध्यक्ष
2.	मुख्य विकास अधिकारी	-	सदस्य
3.	ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन	-	सदस्य
4.	ए0आर0टी0ओ0 प्रवर्तन	-	सदस्य
5.	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी	-	सदस्य-सचिव

3- जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित माइक्रो प्लान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 25-09-2019 तक अनिवार्यतः राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा। उपरोक्तानुसार चयनित स्थल की एक्सपोजर विजिट रविवार को कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को निःशुल्क करायी जायेगी। इस हेतु निजी क्षेत्र के स्कूलों की बसों का प्रयोग ए0आर0टी0ओ0 के सहयोग से निःशुल्क लिया जाये तथा

विजिट के दौरान बालिकाओं के भोजन आदि की व्यवस्था भी निजी क्षेत्र में संचालित विद्यालयों, स्वयं सेवी संस्थाओं, सी0एस0आर0 फण्ड एवं रोटरी क्लब के माध्यम से वित्त पोषित कराते हुए करायी जायेगी। विजिट के दौरान बालिकाओं की सुरक्षा के पर्याप्त प्रबन्ध किये जायें, जिसके लिए आवश्यकतानुसार पुलिस विभाग से सहयोग लिया जाए।

कृपया उपर्युक्त निर्देशों का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

भवदीया,

(रेणुका कुमार)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

1. प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—
2. प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. आयुक्त, परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय, निशातगंज लखनऊ।
5. निदेशक, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0, निशातगंज लखनऊ।
6. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
7. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल।
8. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समस्त जनपद उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त कार्य हेतु जिलाधिकारी से सम्पर्क कर कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं की एक्सपोजर विजिट 03 माह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। विद्यालयवार फोटोग्राफ सहित आख्या राज्य परियोजना कार्यालय को दिनॉक 30—12—2019 तक उपलब्ध करायें।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(उमेश कुमार तिवारी)
अनु सचिव।

Important G.O.-1505.noc